# ज्योतिर्मय

## HINDI TEXTBOOK FOR CLASS VIII

© SCERT MIZORAM
not to be republished

*Published by*
**State Council of Educational Research and Training**
**Mizoram**

**Prescribed for use as a textbook in Hindi for Class VIII by the State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl**

**Vide Notification No. M-17021/2/2025-EDN**
**Dated Aizawl, the 7th November, 2025**

**ALL RIGHTS RESERVED**

- No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise: no preparation of notes, substances, explanation, keys, etc in the form of book(s) for sale based on the printed book herein is permitted, without the prior permission of the Director, State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl.
- This book is sold subject to the condition that it shall not, by way of trade, be lent, resold, hired out or otherwise disposed of without the publisher's consent, in any form of binding or cover other than that in which it is published.
- The correct price of this publication is the price printed on this page. Any revised price indicated by a rubber stamp or by a sticker or by any other means is incorrect and should be unacceptable.

© SCERT MIZORAM
not to be republished

First Edition : **2017**
Tenth Edition : **2026**
Copies : **4443**
Price : **₹ 75/-**

Published by :
**THE DIRECTOR**
**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING (SCERT)**
**MIZORAM, AIZAWL**

Printed at : **Mizoram Government Press**
Aizawl, Mizoram

## Textbook Committee for Elementary Schools

**Chairman** : Director
SCERT

**Members** : Rev. Dr. K. Thanzauva
Education Consultant
MERC

: Director
School Education

: Chairman
MBSE

: Head, Deptt. of Education
Mizoram University

: Principal
Pachhunga University College

: State Project Director
Samagra Shiksha, Mizoram

: Principal
IASE

: Dr. Lalduhawmi Thomte
Joint Director, SCERT

: Principal
DIET Aizawl

: Representative of MSTA

: Representative of MPTA

: Representative of MISA

**Member Secretary** : Zoramthangi Ralte
Joint Director, SCERT

## Sub-Committee on Hindi Textbooks

**Coordinator** : Pi Lalrindiki
Lecturer
SCERT

**Members** : Dr. Jennie Malsawmdawngkimi
AHEO
Directorate of School Education

: Dr. Lalrinkimi
Asst. Professor
Govt. Aizawl College

: Dr. Lalmuanawma Sailo
Asst. Professor
Mizoram Hindi Training College

: Dr. Lalengzami
Teacher
Govt. Chanmari M/S

: Pu Lianzama Pachuau
Teacher
Govt. Bible M/S

: Pi Ngurnunsangi
Headmaster
Modern M/S, Reiek

: Pu David Vanlaldika Ralte
Teacher, Dawrpui M/S
Representative of MMSHTA

: Pi Aliseba Soren
Teacher
Neuhof English Medium School
Representative of MISA

**Asst. Coordinator** : Pi Lilypuii Chhangte
Lecturer
SCERT

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a [1]**[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political;

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship;

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];

**IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY** this twenty-sixth day of November, 1949 do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

1. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Sovereign Democratic Republic" (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Unity of the Nation" (w.e.f. 3.1.1977)

© SCERT MIZORAM not to be republished

# FOREWORD

It gives me great pleasure to introduce Hindi textbooks developed for Classes III to VIII under the three-Language Formula as mandated by the National Education Policy (NEP) 2020. The introduction of Hindi as third language in our school curriculum marks an important step towards broadening students' linguistic and cultural horizons.

Language plays a vital role in fostering communication, understanding, and unity in a diverse country like ours. Learning Hindi will enable our students to engage more effectively with people from different parts of India and to appreciate the linguistic richness of our nation. At the same time, it will strengthen their ability to learn and express themselves in multiple languages, which is an invaluable skill in today's interconnected world.

These textbooks have been carefully designed to suit the linguistic background and learning needs of Mizo learners. The content focuses on developing listening, speaking, reading, and writing skills through simple and engaging lessons, ensuring that students gain confidence and interest in learning Hindi.

I extend my sincere appreciation to teacher educators, subject experts, teachers and all other stakeholders involved in development of the textbooks. Their collective efforts have ensured that these textbooks truly represent the spirit of education for all while nurturing curiosity, creativity, and critical thinking among learners.

It is my earnest hope that these textbooks will serve as an effective tool in promoting multilingual competence among our students and nurturing in them a spirit of national integration and mutual respect.

Aizawl

7th November, 2025

**CAROLINE ZORAMTHANGI**

Director, SCERT

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**Zirtirtu Hriatturte**

1. Ṭawng zir leh zirtirna in a tum chu ‘mamawh huna hman theih leh hman ṭangkai’ a nih angin ṭawng zirtirtu ten zirlaite tui taka zir tura an chawhphur thiam a ṭul hle.

2. Mizo naupangte tan Hindi hi Mizo ṭawng hawrawp nen inpersan tak a nih avangin an zir tirh aṭangin Devnagri (Hindi hawrawp) lam dan, a ri dik taka zirtir a ṭul a. A ri dik tak ngaihthlak tir, an sawi ve pawhin a lam dan dik, chhiarin a lam dan dik, leh ziakin hawrawp dik taka ziak thei turin a bul ṭan pui a ngai a ni.

3. Zirlaibua thumal zawng zawng te hi zirlaite nitin nuna hman ṭangkai chi a ni vek lova. An hriat atana ṭul, nakin hnua an la hman turte a ni thei.

4. Zirlaibu te hi class indawta zirlaiten an thiam theih tawk tura siam anih avangin a bul ṭanna ah uluk taka zirtir ngei tur a ni.

5. **आदेश** hi zirtirtu tana buatsaih anih angin zirtirtuten uluk taka chhiarin **पाठ** mil zelin hman ṭangkai ngei tur a ni.

6. An zirlaibu ami **स्वर** (Vowel) **‘अ-अः’** & **‘मात्रा’** leh **व्यंजन** (Consonant) **‘क-ढ़’**, **वार्तालाप** (conversation), **लिंग** (gender), **वचन** (Singular & Plural Number) leh **गिनती** (Number) zir thiamtir ngei tur a ni.

7. **लिंग, वचन, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया** leh **विशेषण** te hi Hindi zirtute tan thiam leh hriat chian ngei a ngaih avangin zirlai ten chiang leh fiah taka an hriat theih nan zirtir tur a ni.

8. **कविता** (Poem) te hi thumal tin leh tlar tin hrilhfiaha zirtir hi ṭawng zirin a tum ber a ni rih lova. Zirlai ten Hindi lam dan leh a thluk an hmelhriat a, an thiam bel theih kha a tum ber chu a ni.

9. **पाठ**-a **आदेश, अभ्यास** leh **मौखिक पाठ** te hi zirtirtuin zirlaite a zirtir zawh hnuah anmahni tihtur ang chi ho hi a tihtir ngei tur a ni. A bu chhung ami kher lo pawh zirlaiten an zir chhuah aṭanga anmahni irawm chhuaka an phuah thiam ve theih tura zirtir tur a ni.

10. **गृहकार्य** hi naupangte a tihdan tur chiang taka hrilhin zirlaiten anmahniin an ti ngei tur a ni. An tihdikloh te a dikna hrilhin, a ti lo te chu a hrana tihtir leh vek ni se.

11. Hindi-a inbiakna zirlaibu ami emaw zirlaibu ami ni lo emaw hmangin zirlaiten an zirin an thiam tur a ni.

12. Hindi hi Mizo naupang tan subject dang aia har bik nia a lan avangin zirtirtuin zirlaite Hindi zir uar tura fuihte, India mi kan nih anga Hindi thiam ṭulzia, thiam nawmzia leh ṭangkai ziate hriattir ni se.

13. Naupangten dik taka Devnagri script an ziah theih nan **स्वर** leh **व्यंजन** ziah dan tur tarlan a ni.

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# स्वर

अ आ इ ई

उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ

अं अः

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

श्र ड़ ढ़

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# पाठ-सूची


| पाठ–क्रम | पाठ-नाम | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुत बड़ा है यह संसार | ----------- | 1 - 5 |
| 2 | आइज़ोल से फोन | ----------- | 6 - 12 |
| 3 | पेशेवाले | ----------- | 13 - 21 |
| 4 | क्रिया | ----------- | 22 - 27 |
| 5 | बढ़े चलो | ----------- | 28 - 32 |
| 6 | नशीले पदार्थ | ----------- | 33 - 39 |
| 7 | रौकूङा | ----------- | 40 - 48 |
| 8 | सूझबूझ | ----------- | 49 - 54 |
| 9 | संयुक्त राष्ट्र संघ | ------------ | 55 - 60 |
| 10 | क्रिसमस का त्योहार | ------------ | 61 - 65 |
| 11 | दिल्ली की सैर | ------------ | 66 - 71 |
| 12 | मीठी वाणी बोलिए | ------------ | 72 - 77 |
| 13 | विशेषण | ------------ | 78 - 86 |
| 14 | छुट्टी के लिए आवेदन पत्र | ------------ | 87 - 89 |
| 15 | गिनती | ------------ | 90 - 102 |


© SCERT MIZORAM
not to be republished

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

## Fundamental Duties

Fundamental Duties – It shall be the duty of every citizen of India —

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wildlife and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

(k) who is a parent or guardian, to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 1

# बहुत बड़ा है यह संसार

सबसे पहले मेरे घर का,
अंडे जैसा था आकार।
तब मैं यही समझती थी बस,
इतना-सा ही है संसार ।।
फिर मेरा घर बना घोंसला,
सूखे तिनकों से तैयार।
तब मैं यही समझती थी बस,
इतना-सा ही है संसार ।।
फिर मैं निकल गई शाखों पर,
हरी-भरी थी जो सुकुमार।
तब मैं यही समझती थी बस,
इतना-सा ही है संसार ।।
आख़िर जब मैं आसमान में,
उड़ी दूर तक पंख पसार।
तभी समझ में मेरी आया,
बहुत बड़ा है यह संसार ॥



© SCERT MIZORAM
not to be republished

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| आकार | - | रूप / shape |
| घोंसला | - | चिड़िया का घर / nest |
| तिनका | - | घास-फूस / straw |
| शाखों | - | वृक्ष की डाली / branches |
| सुकुमार | - | कोमल / tender |
| आसमान | - | आकाश / sky |
| पंख | - | पर / wings |

© SCERT MIZORAM not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से ) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन )
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. अब मैं लिखूँगा और आप पढ़ेंगे। (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में)
5. छात्रों द्वारा कविता के प्रत्येक अंतरे को व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए और याद करवाया जाए।
6. पठित कविता को सुंदर अक्षरों में लिखवाया जाए।

# अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों **के उत्तर दीजिए :**

(क) चिड़िया के घर का पहला आकार कैसा था ?

(ख) घोंसला किससे बनता है ?

(ग) चिड़िया ने पेड़ की शाखाओं पर बैठकर क्या देखा और क्या सोचा ?

(घ) अंत में चिड़िया की समझ में क्या आया ?

(ङ) तुम अपने आस-पास क्या-क्या देखते हो ?

2. **पाठ के आधार पर** रिक्त **स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) सबसे पहले मेरे घर का, ---------जैसा था आकार।

**(ख)** फिर मेरा घर बना ---------, सूखे --------से तैयार। तब मैं यही समझती थी बस , इतना सा ही है --------- ।

(ग) फिर मैं निकल गई शाखों पर, हरी-भरी थीं जो ---------।

**(घ)** आख़िर जब मैं आसमान में, उड़ी दूर तक पंख --------- ।

**(ङ)** तभी समझ में मेरी आया , बहुत --------- है यह संसार।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**3. इन शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

| | | |
|---|---|---|
| घर | संसार | घोंसला |
| आकार | तैयार | हरी-भरी |

**4. इन वाक्यों को शुद्ध कीजिए :**

(क) हम चिड़ियाघर देखने जा रहा हैं।

(ख) बच्चा अंडा खा रही है।

(ग) लियानी और रमी कविता का वाचन कर रहे हैं।

(घ) चिड़िया आसमान पर उड़ती है।

(ङ) चिड़िया ने अपने लिए घोंसला बनाई है।

**5. गृहकार्य :**

(क) 'बहुत बड़ा है यह संसार' कविता को कंठस्थ कीजिए।

(ख) कविता को चार्ट पेपर पर सुंदर अक्षरों में लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

का/की/के

**वाक्य :**

(क) यह ज़ोउवी **का** जूता है ।

(ख) वह सीता **की** माँ हैं ।

(ग) वे ज़ोउवी **के** पिताजी हैं ।

(घ) वह मुआनी **की** घड़ी हैं ।

(ङ) यह जामा **का** कमरा है ।

(च) वे एङी **के** कपड़े है ।

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के अन्य कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र ' का/ की/ के' का प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 2

# आइज़ोल से फोन

**(फोन की घंटी बजती है।)**

पिताजी : (फोन उठा कर) हैलो, आप कौन बोल रहे हैं ?

ज़ारा : नमस्ते पिताजी, मैं ज़ारा बोल रहा हूँ। आइज़ोल से।

पिताजी : कहो कैसे हो? तुम्हारी बहन पारी कहाँ है ?

ज़ारा : हम ठीक हैं पिताजी। आज स्कूल की छुट्टी है, इसलिए पारी भी घर पर है।

पिताजी : जरा पारी को बुलाओ।

ज़ारा : पारी, पिताजी तुमसे बात करना चाहते हैं।

पारी : अभी आ रही हूँ।(आकार फोन उठाती है)पिताजी नमस्ते, आप कैसे हैं ?

पिताजी : मैं ठीक हूँ बेटी, अच्छा बताओ तुम्हारी पढ़ाई कैसे चल रही है ?

पारी : हाँ, पिताजी, हमारी पढ़ाई भी ठीक चल रही है।

पिताजी : परीक्षा कब से शुरू हो रही है ?

पारी : अगले महीने 12 तारीख से हमारी परीक्षा शुरू होगी।

पिताजी : तब तो समय काफ़ी कम रह गया है। अच्छी तरह पढ़ाई करना, इस बात का हमेशा ध्यान रखना कि मेहनत का फल मीठा होता है।

पारी : ठीक है पिताजी, मैं हमेशा आपकी बातों का ध्यान रखूँगी।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पिताजी : अपने भैया ज़ारा को फोन देना।

पारी : भैया, पिताजी आपसे बात करना चाहते हैं।

ज़ारा : अभी आ रहा हूँ। (आकर फोन उठाता है।) हैलो पिताजी, माताजी और बड़े भाई कैसे हैं ?

पिताजी : बड़ा भाई तो ठीक है, लेकिन तुम्हारी माताजी की तबीयत थोड़ी खराब है।

ज़ारा : क्या हुआ माँ को ?

पिताजी : चिंता की कोई बात नहीं है। मौसमी बीमारी है, खाँसी-जुकाम हैं, कल रात से थोड़ा बुखार है।

ज़ारा : डॉक्टर को दिखाया कि नहीं ?

पिताजी : आज दिखाया तो था, कुछ दवाइयाँ दी हैं, थोड़े दिनों में ठीक हो जाएँगी।

ज़ारा : ठीक है, हम भी उनके जल्दी ठीक होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे।

पिताजी : हम, तुम दोनों को बहुत याद करते हैं। गर्मियों की छुट्टी में जल्दी घर आना। ठीक है **?**

ज़ारा : जी पिताजी। हम लोग भी आप सब को बहुत याद करते हैं। अच्छा पिताजी, अब फोन रखता हूँ, शुभरात्रि।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| घंटी | - | घंटा / bell |
| पढ़ाई | - | अध्ययन / study |
| शुरू | - | प्रारंभ / start |
| तारीख | - | दिनांक / date |
| हमेशा | - | सदा / always, forever |
| तबीयत | - | सेहत / health condition |
| जुकाम | - | सर्दी / a cold |
| बुखार | - | ज्वर / fever |
| दवा | - | दवाई / medicine, drug |
| गर्मी | - | ग्रीष्म / hot, summer |
| शुभरात्रि | - | गुड नाईट / goodnight |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा (व्यक्तिगत रूप में) पाठ के आधार पर पात्रों की तरह अभ्यास करवाया जाए।

## अभ्यास

1. **दी गई तालिका के आधार पर सात सही वाक्य निकालिए :**

**(क) पुल्लिंग के वाक्य -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मैं<br>तुम<br>वह<br>हम<br>आप<br>वे<br>पिताजी | किताब<br>काम<br>फुटबॉल | खेल<br>कर<br>पढ़ | रहा<br>रही<br>रहे | हूँ।<br>हो।<br>हैं।<br>है। |

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ख) **स्त्रीलिंग के वाक्य -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मैं | | | | |
| तुम | | | | |
| वह | किताब | खेल | रही | हूँ। |
| हम | काम | कर | रहे | हो। |
| आप | बॉल | पढ़ | रही | हैं। |
| वे | | | | है। |
| माताजी | | | | |

2. **कोष्ठक में दी गई क्रियाओं से वाक्य पूरे कीजिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रहा हूँ | रहा है | रही हैं | रहे हैं | रही है |

(क) मैं स्कूल जा ____________ ।

(ख) पिताजी बगीचे में टहल ____________ ।

(ग) रेमी बाज़ार से आ ____________ ।

(घ) लड़कियाँ कमरे में पढ़ ____________ ।

(ङ) लड़के मैदान में बॉल खेल ____________ ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

3. **इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) ज़ारा फोन पर किससे बात करता है ?

(ख) पारी किसकी बहन है ?

(ग) दोनों भाई-बहन स्कूल क्यों नहीं गए थे ?

(घ) माताजी को क्या बीमारी थी ?

(ङ) पिताजी, ज़ारा और पारी को घर कब आने के लिए कहते हैं ?

4. **किसने, किससे कहा** ?

(क) पारी को बुलाओ ।

(ख) तुम्हारी पढ़ाई कैसे चल रही है ?

(ग) आज स्कूल की छुट्टी है ?

(घ) अगले महीने 12 तारीख से हमारी परीक्षा शुरू होगी ।

(ङ) अच्छी तरह पढ़ाई करना ।

**गृहकार्य :** दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य बनाकर लाइए ।

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षा | हमेशा | मेहनत |
| तबीयत | बुखार | समय |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

मेरा / मेरी / मेरे

**वाक्य :**

1. यह **मेरा** कमरा है।
2. वह **मेरी** बुआ है।
3. तू **मेरा** रक्षक है।
4. आप **मेरे** पिताजी हैं।
5. वे **मेरे** दोस्त हैं।
6. ज़ामा **मेरा** पड़ोसी है।

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र 'मेरा/मेरी/मेरे' का प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 3

# पेशेवाले



## किसान

किसान खेत में काम करता है। वह हल चलाता है, अनाज बोता है और फसल काटता है। किसान गेहूँ, धान और तरह-तरह के अनाज पैदा करता है।



## बढ़ई

बढ़ई लकड़ी के सामान बनाता है। वह मेज, कुर्सी, बैंच, पलंग आदि लकड़ी से बनाता है। बढ़ई घर में सजाने के लिए सुंदर-सुंदर चीजें बनाता है। वह लकड़ी का घर भी बनाता है।



## मोची

मोची चमड़े की चीजें बनाता है। वह जूता, चप्पल, बैग, थैला आदि बनाता है। मोची को चमार भी कहते हैं।

## लोहार



लोहार लोहे की वस्तुएँ बनाता है। वह दाओ, छुरी, कुल्हाड़ी, चिमटा, कुदाल, फावड़ा, चाकू आदि बनाता है। वह इन्हें बाज़ार में बेचता भी है।

## जुलाहा

जुलाहा कपड़ा बुनता है। हम कपड़े के बिना नहीं रह सकते। जुलाहा हमारे लिए विभिन्न रंगों के कपड़े बुनता है। कपड़े कई प्रकार के होते हैं – सुती, रेशमी, ऊनी आदि।



## दर्जी



कपड़े सीनेवाले को दर्जी कहते हैं। वह कपड़े से कमीज, कुर्ता, पतलून, पाज़ामा कोट आदि सीता है। दर्जी कपड़ों से पहनने के लिए तरह तरह की चीजें सीकर हमें देता है। वह टोपी भी सी सकता है।



## हलवाई

वह जलेबी, बर्फ़ी, रसगुल्ला और गुलाबजामुन आदि मिठाइयाँ बनाकर बेचता है । वह कई अन्य तरह की मिठाइयाँ बनाता है । उसे हलवाई कहते हैं । बच्चे हलवाई की दुकान में जाना खूब पसंद करते हैं ।

## डाकिया

लो! डाकिया आ रहा है । उसके हाथ और थैले में पत्र, लिफ़ाफ़े, पार्सल आदि हैं । उसका काम इन सभी को बाँटना है । डाकिए के द्वारा हम दूर की खबरें जान सकते हैं । डाक सेवा के कारण हम पत्र भेज सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं । पोस्टमैन को ही डाकिया कहा जाता है ।





## नाई

बाल काटनेवाले को 'नाई' कहते हैं । नाई हमारे बाल काटकर हमें सुंदर बनाता है। वह मूँछें और दाढ़ी भी बनाता है । नाई न होता तो हम सुंदर नहीं दिखते ।

## धोबी

कपड़े धोने का काम धोबी करते हैं। वह मैले कपड़ो को धोकर साफ़ करता है। वह कपड़े को धूप में सुखाने के बाद उन पर प्रेस भी करता है।





**कसाई**

माँस काटकर बेचता है।



**मछुआ**

मछलियाँ पकड़कर बेचता है।



**ग्वाला**

दूध बेचता है।

**ये सभी पेशेवाले हमारे बहुत काम आते हैं।**

## शब्दार्थ

किसान - वह जो खेती-बारी का काम करता हो / farmer

अनाज - अन्न / corn, grain

बोना - बीज़ जमीन में डालना / start

बढ़ई - लकड़ी का काम करने वाला / carpenter

समय - वक्त / time

सामान - चीज, वस्तु / things

सजाना - संवारना, सुसज्जित करना / to adorn, decorate

मोची - जूते सीनेवाला / shoemaker, cobbler

लोहार - लोहे का काम करनेवाला / blacksmith

चिमटा - दस्तपनाह, जलता कोयला आदि पकड़ने का आला / tongs, forcep

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा पाठ का सस्वरवाचन करवाएँ (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में।)

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

1. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) किसान कहाँ काम करता है ?

(ख) जूते कौन बनाता है ?

(ग) लकड़ी का सामान बनाने वाले को क्या कहते हैं ?

(घ) दर्जी किसे कहते हैं ?

(ङ) कसाई का काम क्या है ?

2. **पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) बाल काटनेवाले को ------------------------ कहते हैं।

(ख) ------------------------ दूध बेचता है।

(ग) बढ़ई लकड़ी के ------------------------- बनाता है।

(घ) ---------------------- कपड़े बुनता है।

(ङ) मोची को -------------------- भी कहते हैं।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## 3. सही वाक्य निकालिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| दर्जी | जूते | बेचता | |
| मछुआ | कपड़े | बनाता | |
| जुलाहा | माँस | सीता | |
| डाकिया | मछली | बुनता | है। |
| मोची | डाक | पकड़ता | |
| धोबी | मेज | बाँटता | |
| बढ़ई | दूध | धोता | |

## 4. सही वाक्य निकालिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | खाना | खाकर | |
| | | कपड़े | धोकर | |
| तू | अभी | बाज़ार | जाकर | |
| तुम | कल | जूते | पहनकर | आइए। |
| आप | स्कूल | रुपये | लेकर | आओ। |
| थङ | आज | हिन्दी | पढ़कर | आ। |
| | | सिनेमा | मिलकर | |
| | | | देखकर | |

©SCERT MIZORAM
not to be republished

5. **खंड 'अ' को खंड 'आ' से मिलाइए :**

| अ | | आ |
|---|---|---|
| (क) | बाल काटनेवाले को | कसाई |
| (ख) | मिठाइयाँ बेचनेवाले को | धोबी |
| (ग) | खेत में काम करनेवाले को | लोहार |
| (घ) | कपड़े सीनेवाले को | बढ़ई |
| (ङ) | लोहे से वस्तुएँ बनाने वाले को | मोची |
| (च) | कपड़े बनाने वाले को | जुलाहा |
| (छ) | लकड़ी से सामान बनानेवाले को | हलवाई |
| (ज) | चमड़े से चीजे बनानेवाले को | दर्जी |
| (झ) | कपड़े धोनेवाले को | किसान |
| (ञ) | माँस काटकर बेचनेवाले को | नाई |

**गृहकार्य :**

1. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखकर लाइएगा :**

(क) अनाज कौन बोता है ?

(ख) थैला, बैग कौन बनाता है ?

(ग) हम कपड़े कहाँ सिलवाते हैं ?

(घ) मछली कौन पकड़ता है ?

(ङ) डाक कौन लाता है ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **इन शब्दों को पाँच-पाँच बार लिखकर लाइए :**

अनाज बढ़ई कुल्हाड़ी कुदाल हलवाई

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
कौन / क्या

**वाक्य :**

1. किसान **क्या** काम करता है **?**
2. जूते **कौन** बनाता है **?**
3. लकड़ी से सामान बनानेवाले को **क्या** कहते हैं ?
4. मिठाई **कौन** बेचता है ?
5. शिक्षक **क्या** करते हैं ?

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र 'कौन/ क्या' का प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

पाठ – 4

# क्रिया

**परिभाषा** : जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना प्रकट हो, उसे क्रिया कहते हैं।

**जैसे** : 1. गीता **पढ़** रही है।

2. रेमी **गा** रही है।

3. रुआता **खेल** रहा है।

4. राहुल **लिख** रहा है।

5. किमा **जा** रहा है।

ऊपर के वाक्यों में पढ़, गा, खेल, लिख, जा क्रियाएँ हैं। क्रिया के बिना वाक्य पूरा नहीं होता, वाक्य में क्रिया का होना जरूरी होता है। क्रिया एक शब्द का भी हो सकता है तथा एक से अधिक शब्दों का भी।

जैसे :

वह आया। (**आया** क्रिया एक शब्द का है।)

वह आ रहा था। (**आ रहा था** क्रिया एक से अधिक शब्दों का है।)

© SCERT MIZORAM not to be republished

**क्रिया के भेद** : क्रिया के मुख्य दो भेद हैं -

**1. अकर्मक क्रिया :** जिन क्रियाओं के साथ कर्म नहीं होता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।

जैसे :

(क) लोमी **हँसती** है।  (ख) हरि **दौड़ता** है।

(ग) वेना **सोता** है।  (घ) रवि **बोलता** है।

(ङ) गीता **खाँसती** है।  (च) पुईआ **नहाता है।**

इन वाक्यों में मोटे शब्द अकर्मक क्रियाएँ हैं, क्योंकि इनके साथ कर्म नहीं लगता है।

**2. सकर्मक क्रिया :** जिन क्रियाओं का कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं।

जैसे :

(क) रेमी कहानी **लिखती है**।  (ख) मैं मैदान में खेल **देखता हूँ।**

(ग) मोना खाना **पकाती है।**  (घ) फेला कुर्सी **बनाता है**।

इन वाक्यों में मोटे शब्द सकर्मक क्रियाएँ हैं, क्योंकि इन क्रियाओं के साथ कर्म नीहित है। 'लिखती' क्रिया का कर्म 'कहानी', 'देखता' क्रिया का कर्म 'खेल', 'पकाती' का 'खाना', 'बनाता' क्रिया का कर्म 'कुर्सी' है। अतः उक्त मोटे शब्द सकर्मक क्रियाएँ है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. अन्य उदाहरणों द्वारा छात्रों को सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं से परिचित करवाएँ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) क्रिया किसे कहते हैं ?

(ख) क्रिया के कितने भेद होते हैं ?

(ग) अकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ?

(घ) सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं ?

(ङ) अकर्मक और सकर्मक क्रियाओं के पाँच-पाँच उदाहरण दीजिए।

2. **नीचे लिखी क्रियाओं में से सही क्रिया चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :**

**लिखना    नाचना    नहाती    चढ़ना    पढ़वाना**

(क) परदा उठते ही लड़कियों ने ________ शुरू किया।

(ख) गुरू ने शिष्यों को पाठ _________ शुरू किया।

(ग) साफ-साफ ___________ सीखो।

(घ) लड़की तालाब में __________ है।

(ङ) सीढ़ी पर ध्यान से _________ चाहिए।

3. **निम्नलिखित क्रियाओं को वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

(क) खाना    (ख) लिखना    (ग) दौड़ना

(घ) बोलना    (ङ) दहाड़ना    (च) जाना

(छ) रहना    (ज) करना

4. **नीचे लिखे वाक्यों में क्रियाओं पर गोला लगाइए :**

(क) बकरी घास खाती है।

(ख) रेमा सो रहा है।

(ग) तुम कहाँ जा रहे हो ?

(घ) सोहन गेंद खेलता है।

(ङ) रिनी दूध पीती है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**5. सही मिलान कीजिए :**

| **संज्ञा** | **क्रिया** |
|---|---|
| फेला | उड़ रहे हैं। |
| बिल्ली | खिल रही हैं। |
| पक्षी | दूध पी रही है। |
| कलियाँ | डूब रहा है। |
| सूरज | पतंग उड़ा रहा है। |

**गृहकार्य** :

1. आप जो-जो काम करते हैं, उन्हें उदाहरण के अनुसार लिखकर लाइए।

**खेलना** ________ ________ ________ ________

________ ________ ________ ________

2. दिए गए वाक्यों में क्रियाएँ मोटे शब्दों में हैं, कोष्ठक में दिए गए उनके भेदों पर सही ( ✓ ) चिह्न लगाइए :

**(क)** सियामा **जाता है**। (सकर्मक / अकर्मक )

**(ख)** अनीता गीत **गाती है**। (सकर्मक / अकर्मक )

**(ग)** सोमी **नाचती है**। (सकर्मक / अकर्मक )

**(घ)** दिका फुटबॉल **खेलता है**। (सकर्मक / अकर्मक )

**(ङ)** रवि **लिखता है**। (सकर्मक / अकर्मक )

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

क्रिया के भेद

**वाक्य :**

1. सोमी **पढ़ती** है।
2. राहुल खाना **खाता** है।
3. रेमी ने समु को मिठाई **दी**।
4. पुइआ रोज़ **खेलता** है।
5. बच्चा जोर-जोर से **हँसता** है।

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र 'क्रिया के भेद' को समझ सकें और उसका प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 5

# बढ़े चलो

वीर, तुम बढ़े चलो ।
धीर, तुम बढ़े चलो ॥

बाल दल सजा रहे,
ध्वज कभी झुके नहीं,
दल कभी रुके नहीं ।
वीर, तुम बढ़े चलो ।
धीर, तुम बढ़े चलो ॥

सामने पहाड़ हो,
सिंह की दहाड़ हो,
तुम निडर, डटो वहीं ।
वीर, तुम बढ़े चलो ।
धीर, तुम बढ़े चलो ॥

मेघ गरजते रहें
मेघ बरसते रहे
बिजलियाँ कड़क उठें
बिजलियाँ तड़क उठें
वीर, तुम बढ़े चलो ।
धीर, तुम बढ़े चलो ॥

प्रातः हो कि रात हो,
संग हो न साथ हो,
सूर्य से बढ़े चलो,
चाँद से बढ़े चलो ।
वीर, तुम बढ़े चलो ।
धीर, तुम बढ़े चलो ॥

**- द्वारिकाप्रसाद महेश्वरी**

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| वीर | - | बहादुर / brave |
| ध्वजा | - | झंडा / flag |
| डटना | - | स्थिर रहना / constant |
| धीर | - | धैर्यवान / courageous |
| निडर | - | हिम्मती / fearless |
| झुकना | - | झुका हुआ / to bend |
| सिंह | - | शेर / lion |
| मेघ | - | बादल / cloud |
| बिजलियाँ | - | रोशनी / thunder |
| दल | - | झुंड / troop, group |

© SCERT MIZORAM not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा पाठ का सस्वरवाचन करवाया जाए। (व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप में।)
5. छात्रों को पठित कविता सुंदर अक्षरों में लिखवाई जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. **पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) वीरों के हाथ में क्या रहना चाहिए ?

(ख) वीरों को निडर होकर क्या-क्या करना चाहिए ?

(ग) मेघ और बिजलियाँ क्या-क्या करती हैं ?

(घ) वीरों को किस-की तरह आगे बढ़ना चाहिए ?

(ङ) कवि क्या संदेश देना चाहता हैं ?

2. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :**

(क) वीर तुम बढ़े चलो ------------------------------------------

(ख) ध्वज कभी झुके नहीं ------------------------------------------

(ग) तुम निडर, डटो वहीं ------------------------------------------

(घ) प्रातः हो कि रात हो ------------------------------------------

(ङ) सूर्य से बढ़े चलो ------------------------------------------

3. **समान अर्थवाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| ध्वज | सूरज |
| निडर | बादल |
| मेघ | चाँद |
| सूर्य | झंडा |
| चंद्र | निर्भय |

4. **उदाहरण के अनुसार संधि कीजिए :**

उदाहरण - देव + आलय = देवालय

(क) हिम + आलय =

(ख) मेघ + आलय =

(ग) विद्या + आलय =

(घ) भोजन + आलय =

(ङ) देव + आलय =

© SCERT MIZORAM not to be republished

5. **विलोम शब्द लिखिए :**

सुबह + ------------ दिन + ------------- देश + ------------

निडर + ------------ जागना + ------------ बढ़ना + -----------

**गृहकार्य :**

1. इस कविता को कंठस्थ कीजिएगा।
2. कविता को चार्ट पेपर में सुंदर अक्षरों में लिखकर लाइएगा।
3. निम्नलिखित शब्दों को तीन-तीन बार अपनी कॉपी पर लिखकर लाइएगा – ध्वज पहाड़ दहाड़ निडर गरजना बिजलियाँ

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

जहाँ-वहीं

**वाक्य :**

1. वीर सिपाही **जहाँ** जाते हैं, **वहीं** जीत जाते हैं।
2. मोहन **जहाँ** जाता है, **वहीं** शोर मचाता है।
3. मोना **जहाँ** जाती है, **वहीं** टिक जाती है।
4. किमा **जहाँ** गए हैं, **वहीं** रेमा भी गया है।
5. मैं **जहाँ** पढ़ती हूँ, **वहीं** सोमी भी पढ़ती है।

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के अन्य कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र 'जहाँ-वहीं' का प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## पाठ – 6

# नशीले पदार्थ




आज हम देखते हैं कि छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में कुछ पुड़ियाँ होती हैं। ये पुड़ियाँ रंग-बिरंगी और सुनहरी दिखाई देती हैं। इनमें गुटखा, रजनीगंधा, चुटकी आदि होते हैं। इन्हें लोग बड़े चाव से खाते हैं और वे इनका सेवन करने मे अपनी शान समझते हैं। कई लोग बीड़ी, सिगरेट, हैरोइन, स्मैक, अफीम, गाँजा, तंबाकू, शराब आदि का सेवन बड़े शौक से करते हैं। ये सभी पदार्थ नशीले होते हैं। इनके सेवन या पीने से नशा होता है। नशे में व्यक्ति अच्छे-बुरे का ज्ञान नहीं रखता।

अधिकतर लोग नशीली वस्तुओं का विरोध भी करते हैं। वे अपने बच्चों और साथियों को इनका सेवन करने से रोकते भी हैं। मद्यपान-निषेध के संबंध में धार्मिक ग्रन्थों में बहुत-कुछ लिखा हुआ है। इसके बारे में धर्मगुरु और नेता लोग अच्छे-अच्छे भाषण भी देते हैं। आजकल दूरदर्शन भी नशे के खिलाफ अच्छा प्रचार कर रहा है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

शराब-बंदी के लिए राज्य सरकारों एवं केन्द्र सरकार ने अनेक कानून भी बनाए हैं। लेकिन आजकल अधिकतर लोग समाज से छिपकर इन नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं जो कि देश के लिए एक चिंता का विषय है।

नशा आदमी को जानवर बना देता है। इस संबंध में भगवान बुद्ध ने कहा था – "मनुष्य! तुम सिंह के सामने जाते समय भयभीत न होना पर शराब से भयभीत रहना, क्योंकि वह पाप और अत्याचार की जननी है।" इसी तरह महात्मा गांधी ने मद्यपान के संबंध में कहा था कि –" मैं इसे चोरी से भी अधिक निंदनीय मानता हूँ।" दूसरी ओर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि नशे से मनुष्य निराशा और तनाव से मुक्ति पाते हैं। कुछ लोग इसे उच्चवर्ग का सूचक मानते हैं। कुछ लोग नशा करके गम भुलाने का ढोंग भी रचते हैं, जबकि नशे की कोई भी आदत अच्छी नहीं होती। यह मनुष्य के तन-मन और चरित्र को नष्ट कर देती है। हृदय के रोग, पेट के रोग, फेफड़े के रोग, पागलपन, पीलिया, पक्षाघात आदि बीमारियाँ इसी नशे के परिणाम हैं।

सुखी और खुशहाल समाज के लिए नशाबंदी बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए हमें विदेशों से आने वाली नशीली वस्तुओं को रोकना चाहिए। कोई भी बुरी वस्तु कभी भी अच्छा परिणाम नहीं दे सकती। यदि हर व्यक्ति नशे के दुष्परिणामों पर सोचे और दृढ़-संकल्प ले, तो नशे जैसी भयंकर बुराई से मुक्ति मिल सकती है। इस बुराई के खत्म होने पर कोई व्यक्ति भूखा और नंगा नहीं रहेगा। उसमें सोचने और कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

पुड़िया - कागज का छोटा-सा पैकेट / a small packet made of paper

चाव - शौक / with pleasure

शान - तड़क-भड़क वाली सजावट / pomp

दुष्परिणाम - बुरा फल / bad effect, bad result

नशीला - मादक / intoxicating

अनाचार - बुरा चाल-चलन/ improper conduct, malpractice

मद्य - शराब / wine

निंदनीय - निंदा करने योग्य / blamable

ढोंग - पाखंड, दिखावा / deceit, delusion

पक्षाघात - एक रोग जिसमें शरीर का कोई एक या कुछ अंग पूरी तरह से कार्य नहीं करते हो, लकवा / paralysis

दृढ़-संकल्प - पक्का इरादा / firm resolution, intention

क्षमता - योग्यता, सामर्थ्य / ability, capacity

सुनहरी - सोने की तरह, सोने के रंग का / golden colour

उपदेशक - उपदेश देने वाला / instructive, advisory

मद्यपान - शराब पीना / to get drunk

निषेध - मना करना / prohibition, to forbid

भयभीत - डरा हुआ / afraid, frightened

© SCERT MIZORAM not to be republished

नशाबंदी - नशीले पदार्थों एवं नशा करने पर रोक / prohibition

खुशहाल - सुखी / in good circumstances

संपन्न - किसी गुण या वस्तु से भली-भांति युक्त / prosperous

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा पाठ का सस्वरवाचन करवाया जाए। (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में)

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) कौन-कौन-से पदार्थ नशीले होते हैं ?

(ख) नशे में व्यक्ति किस चीज का ज्ञान नहीं रख पाता है ?

(ग) भगवान बुद्ध ने नशे के संबंध में क्या कहा था ?

(घ) महात्मा गांधी ने मद्यपान के संबंध में क्या कहा था ?

(ङ) नशा आदमी को क्या बना देता है ?

(च) नशे के क्या परिणाम होते हैं ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

(छ)  सुखी और खुशहाल समाज के लिए क्या आवश्यक है ?

(ज)  नशाबंदी करने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) ये पुड़ियाँ __________और __________दिखाई देती हैं।

(ख) नशे में व्यक्ति _________का ज्ञान नहीं रखता।

(ग) __________के विषय में धार्मिक ग्रन्थों में बहुत-कुछ लिखा हुआ है।

(घ) मैं इसे _________ भी अधिक निंदनीय मानता हूँ।

(ङ) इस बुराई के खत्म होने पर __________भूखा और नंगा नहीं रहेगा।

**3. उदाहरण के अनुसार शब्द बनाइए :**

उदाहरण – लड़की + याँ = लड़कियाँ

(क) बीमारी + याँ =

(ख) साथी + याँ =

(ग) विद्यार्थी + याँ =

(घ) वस्तु + एँ =

(ङ) विदेश + ओं =

© SCERT MIZORAM not to be republished

**4. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

**(क)** विरोध **(ख)** मुक्ति **(ग)** निंदनीय

**(घ)** बुराई **(ङ)** सच **(च)** लोभ

**(छ)** ज्ञान

**5. दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए :**

(क) शान (ख) रंग-बिरंगी **(ग)** सेवन

(घ) चिंता (ङ) परिणाम (च) खुशहाल

(छ) दूरदर्शन (ज) मादक

**गृहकार्य :**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखकर लाइएगा :**

(क) शराबबंदी के लिए कानून किसने बनाए हैं ?

(ख) नशीली वस्तुओं का विरोध कैसे करें ?

(ग) नशे से मुक्ति कैसे मिल सकती है ?

**2. निम्नलिखित शब्दों को पाँच-पाँच बार लिखकर लाइएगा :**

रंग-बिरंगी मद्यपान पक्षाघात निंदनीय नशाबंदी दुष्परिणाम

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

कोई / कुछ

**वाक्य :**

1. **कोई** आ रहा है।

2. बाहर **कोई** खड़ा है।

3. रुआती **कुछ** काम करो।

4. वहाँ **कुछ** रखा हुआ है।

5. यहाँ **कोई** नहीं है।

**आदेश :** अध्यापक इस प्रकार के कई वाक्यों का अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र 'कोई/कुछ' का प्रयोग सरल वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 7

# रौकूङा



महान साहित्यकार रौकूङा का जन्म 20 फरवरी 1914 को आइज़ोल वेङन्हुआई में हुआ था । उनके पिता का नाम थङलूता म्हार और माता का नाम ज़लियानी है । संतान के मामले में भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया, उनके बच्चे शिशुकाल में ही गुजर जाते थे । जब रौकूङा ने जन्म लिया तब भी उनके माता-पिता के मन में यह डर समाया रहा कि इसका भी देहांत न हो जाए । परंतु रौकूङा के जन्म पर उनकी पड़ौसिन भविष्यवक्ता ने यह भविष्यवाणी की कि "यह बालक बड़ा होकर तुम्हारे वंश का नाम रोशन करेगा । यह बालक पारिवारिक संपत्ति है इसलिए इसका नाम रौकूङा रखा जाना चाहिए ।" अतः उसका नाम रौकूङा रख दिया गया । आगे चलकर बुढ़िया की भविष्यवाणी को चरितार्थ करते हुए अपने वंश का नाम ही नहीं बल्कि वे पूरे मिज़ो समाज के लिए एक अमूल्य निधि बन गए ।

बचपन में रौकूङा शर्मीला, विनम्र, दयालू, सरल एवं शांत स्वभाव का था । उनके इसी स्वभाव के कारण परिवार के सभी सदस्य उनसे खुश थे । अन्य लड़कों की तरह उनकी रुचि जानवरों का शिकार करने में नहीं थी । उनकी रुचि संगीत और संगीत वादन में थी । ज्ञान बढ़ाने तथा महान विभूतियों के बारे में जानकारी

© SCERT MIZORAM
not to be republished

प्राप्त करने में वे काफी रुचि दिखाते थे। आगे चलकर वे महान रचनाकार तो बन ही गए, साथ ही वे गिटार, वायलिन, पियानो आदि बजाने में माहिर हुए।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा बॉयस एम.ई. स्कूल में हुई। सन् 1927 में उन्होंने प्राइमारी शिक्षा पास की। गरीबी के कारण जीवन में उन्हें कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा। थोड़ी चीजों में ही वे संतोष कर लेते थे। वे कपड़े भी वही पहनते थे जो उनकी माँ बुनती थी। मिडिल इंग्लिश पास करने के बाद भी सरकारी नौकरी न करके वे माता-पिता की सहायता करने खेतों में जाया करते थे। रौकूङ्ग ने ही स्वयं कहा था कि "मेरे जीवन का सबसे सुखद क्षण मेरा किसानी जीवन था।" मेहनती होने के कारण साल भर की पैदावार इतनी होती थी कि परिवार का गुजारा आराम से चल जाता था। परंतु अस्वस्थता के कारण उन्हें किसानी छोड़नी पड़ी। तत्पश्चात 2 जनवरी 1934 से लोच प्रिंटिंग प्रेस (वर्तमान समय में सिनोद प्रेस) में काम करने लगे। अपने जीवन के अंतिम दिनों तक वे इसी कार्य में लगे रहे।

9 अप्रैल 1935 को ज़मोई के साथ उनका विवाह हुआ। उनके पाँच पुत्र और तीन पुत्रियाँ हुए। सन् 1940, अप्रैल महीने से वे मिशन वेङ, आइज़ोल में रहने लगे। इसी कलीसिया में सन् 1945 को वे प्राचीन के पद पर निर्वाचित हुए।

लोगों के कहने के अनुसार 16 वर्ष की आयु में रौकूङ्ग ने गीतों की रचना प्रारंभ की। परंतु उनके प्रारंभिक गीत ने ज्यादा प्रसिद्धि प्राप्त नहीं की। सन् 1939 से उन्होंने सक्रिय रूप से कविताओं की रचना आरंभ की। "वानह्नुआई खुआवेल सकम्हिङ छियारिन" उनका सर्वप्रथम गीत है। तब से उन्होंने देश-भक्ति गीत, लोरी, प्राकृतिक गीत, भजन एवं सामायिक गीत, सामाजिक चेतना और व्यक्तिगत सुधार संबंधी गीत, मिज़ो जाति की सर्वोपरिता संबंधी गीत आदि सुंदर और दिल

© SCERT MIZORAM
not to be republished

को छूने वाले अनेक गीतों की रचना की । मिज़ो युवाओं के लिए उनके गीत अत्यंत मूल्यवान हैं । मिज़ो के सभी त्योहारों में विशेष रूप से क्रिसमस के समय में उनके गीतों का आनंद लिया जाता है तथा हमेशा उनके गीतों की गूँज से सारा मिज़ो समाज आनंदित रहता है ।

सन् 1942 से उन्होंने युवाओं के गाने के लिए 'युवा गीत पुस्तक' बनाना आरंभ किया, दस साल तक के अथक प्रयास के पश्चात् सन् 1952 में यह 'युवा गीत पुस्तक' प्रकाशित हुई । उनकी कड़ी मेहनत और अथक प्रयास सराहनीय हैं ।

दूसरों के आग्रह पर रौकूङा ने कई गीतों की रचना की । परंतु उनके अधिकांश गीत उनकी अपनी भावनाओं की उपज हैं । उन्होंने अपने गीतों में कभी भी कठिन शब्दों का प्रयोग नहीं किया बल्कि सरल, सुबोध शब्दों का प्रयोग किया है जिससे उनके गीतों को समझने में काफी आसानी होती है । अतः यह जानकर बड़ा गर्व महसूस होता है कि रौकूङा के गीतों में लय अत्यंत सुंदर होने के कारण "कन ज़ोउत्लाङ रम नुआम हि छोरपियाल रून इ याङ ए" गीत को असम रेजीमेंट बैंड पार्टी परेड के म्यूजिक में तथा "लेनतुपुइ काइ व़ेल लेह् रोउमेइ छूमइन" और " ए खइ ! ह्लिम रोह् उ, नुइ रोह् उ" गीत दिल्ली में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस के समापन "बीटिंग द रिट्रीट (*Beating the retreat*)" में बैंड पार्टी द्वारा बजाए जाते हैं। यह सब जानकर यह कहना समीचीन होगा कि रौकूङा मिज़ो समाज के लिए अमूल्य निधि हैं ।

उनके प्रारंभिक गीत "वानह्नुआई खुआवेल सकह्मिङ छियारिन" की रचना से लेकर उनके अंतिम गीत "सुआलिन बोउ माह् इला" (7 मई, 1969) के बीच उन्होंने 129 गीतों की रचना की । उनमें ईसाई भजन 55 (क्रिसमस-गीत 20 सहित),

प्रकृति संबंधी गीत 22, **देशभक्ति** गीत 14 तथा विभिन्न विषयों पर आधारित 38 गीत भी सम्मिलित हैं।

सन् 1966 के फरवरी महीने में दुरत्लांङ अस्पताल में उनकी आंतों का ऑपरेशन हुआ। अस्पताल से छूटने के बाद 18 अप्रैल को वे अपनी नौकरी में फिर से लग गए। 9 जुलाई 1969 में उनकी तबीयत फिर से बिगड़ने लगी, 12 जुलाई की शाम से वे बेहोश हो गए, डाक्टरों ने उसे बचाने के हर संभव प्रयास किए, इसके बावजूद 12 जुलाई 1969 को अपने परिवार, संबंधियों, मित्रों और मिज़ो लोगों को विदा कर वे **ईश्वर** को प्यारे हो गए।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| साहित्यकार | - | वह जो साहित्य की रचना करता हो / writer, author |
| भविष्यवाणी | - | भविष्य में होने वाली बात को पहले से ही कहना / foretold |
| निधि | - | संपत्ति / fund, treasure |
| वंश | - | कुटुंब, खानदान / family |
| समीचिन | - | उचित, यथार्थ / proper, fair |
| निर्वाचित | - | चुना जाना / elected |
| आग्रह | - | अनुरोध / insistence |
| विनम्र | - | विनीत और सुशील / humble |
| वादन | - | बाजा बजाना / to play a musical instrument |
| विभूति | - | ऐश्वर्य, महिमा / excellence, majesty |
| कलीसिया | - | ईसाइयों की धर्म मंडली / church |
| नियुक्त | - | तैनात / appoint |
| सक्रिय | - | क्रियाशील /active |
| सर्वोपरिता | - | सबसे उत्तम / best |
| आंत | - | अँतड़ी /small intestine |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा पाठ को व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में पढ़वाया जाए।

# अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) रौकूङा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ख) रौकूङा के माता-पिता के नाम बताइए ?

(ग) रौकूङा का नामकरण किस प्रकार हुआ ?

(घ) रौकूङा का स्वभाव कैसा था ?

(ङ) रौकूङा की रुची क्या थी ?

(च) रौकूङा की पत्नी का नाम क्या था ? उनकी कितनी संताने हुई ?

(छ) रौकूङा ने सक्रिय रूप से कविताओं की रचना कब आरंभ की थी ?

(ज) रौकूङा के द्वारा रचित सर्वप्रथम गीत कौन-सा है ?

(झ) रौकूङा के कौन-कौन-से गीत बैंड पार्टी द्वारा बजाए जाते हैं ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ञ) रौकूङ्ग का निधन कब हुआ था ?

**2.** रिक्त **स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) उनके पिता का नाम ---------- और माता का नाम ---------- है।

(ख) रौकूङ्ग का जन्म ----------- को ------------ में हुआ था।

(ग) संगीत और वादन में उनकी --------------------------------- थी।

(घ) थोड़ी चीजों में वे ------------------------------- प्राप्त कर लेते थे।

(ङ) उन्होंने ---------------------------- गीतों की रचना की।

(च) ------------------------------------- उनका सर्वप्रथम गीत है।

(छ) उनका अंतिम गीत ----------------------------------------है।

**3.** निम्नलिखित **शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए।**

(क) महान (ख) पड़ौसी (ग) परीक्षा

(घ) दयालू (ङ) सदस्य (च) बचपन

**4.** निम्नलिखित **शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

(क) जन्म (ख) शर्मीला (ग) सरल

(घ) रुचि (ङ) प्राचीन (च) देश-प्रेम

© SCERT MIZORAM not to be republished

**5. 'अ' को 'आ' से मिलाइए :**

| अ | | आ |
|---|---|---|
| (क) | रौकूङा का जन्म | शिकार आदि में नहीं थी। |
| (ख) | अन्य लड़कों की तरह उनकी रुची | बॉइस एम.ई. स्कूल में हुई। |
| (ग) | उनकी प्रारंभिक शिक्षा | 12 जुलाई 1969 में हुआ था। |
| (घ) | उनका अंतिम गीत | 20 फरवरी 1914 को हुआ था। |
| (ङ) | रौकूङा का निधन | सुआल इन बोउ माह् इला। |

**गृहकार्य :** रौकूङा के बारे में दस वाक्य घर से लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

चुका, चुकी, चुके

**वाक्य :**

1. सियामी जा **चुकी** थी।
2. सैनिक किले में घुस **चुके** हैं।
3. मुआना आ **चुका** है।
4. थॉमस भाग **चुका** था।
5. युद्ध में बहुत से सैनिक मर **चुके** थे।
6. नानी जा **चुकी** है।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'चुका, चुकी, चुके' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 8

# सूझबूझ



शाम चार बजे का समय था। सीमा और रूपा विद्यालय से निकल कर घर की ओर जा रही थीं। तभी उनके करीब एक कार आकर रूकी। गाड़ी का दरवाज़ा खुलते ही उसमें से दो नकाबपोश उतरे। नकाबपोशों ने सीमा और रूपा को धक्का देकर गाड़ी के अंदर खींच लिया। फिर तेज़ रफ्तार से गायब हो गए।

काफी देर बाद सीमा और रूपा को होश आया। वे एक कमरे में बंद थे। उनके हाथ-पाँव खुले थे, पर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। दोनों समझ गए कि उनका अपहरण हुआ है।

सीमा ने खिड़की से बाहर झाँका तो उसने देखा कि वे मुंबई के बाहरी इलाके में हैं और इस समय वे दस मंजिला इमारत के सबसे ऊपरी हिस्से में हैं। सीमा समझ गई कि अगर वे मदद के लिए चिल्लाएँ भी तो कोई उनकी आवाज नहीं सुनेगा।

© SCERT MIZORAM not to be republished

तभी कमरे का दरवाजा खुला और एक नकाबपोश अंदर आया और धमकाते हुए बोला, “हम बहुत खतरनाक हैं। जल्दी से तुम दोनों अपने-अपने घर का नंबर दे दो। वरना जान से हाथ धो बैठोगी।” सीमा और रूपा को फोन नंबर बताने में ही भलाई समझी। रूपा घबराकर रोने लगी।

सीमा ने रूपा से कहा – “ हिम्मत से काम लो और खुद पर भरोसा रखो। ऐसे तो हम बदमाशों के चंगुल से नहीं छूट पाएँगी। हमें कुछ करना होगा।” इसके बाद दोनों उपाय सोचने लगे। सीमा कमरे में टहलटे हुए खिड़की के पास जब पहुँची तो उसे एक उपाय सूझी। वह खुशी से उछल पड़ी, “रूपा, क्यों न हम कागज़ से हवाई-जहाज बनाकर सड़क पर जा रहे किसी आदमी तक अपना संदेश पहुंचाएँ। कोई तो हमारी मदद करेगा।” सीमा की उपाय से सहमत होकर रूपा ने अपनी कॉपी से तीन-चार कागज़ फाड़ कर उस पर लिखा –‘हम रूपा और सीमा हैं। बदमाशों ने हमारा अपहरण कर लिया है। हम यहाँ दस मंजिली इमारत के सबसे ऊपरी हिस्से में कैद हैं। हमारा संदेश पुलिस तक पहुँचाने की कृपा करें।’

फिर उन्होंने उससे हवाई-जहाज बनाकर खिड़की से बाहर उड़ाया। हवा तेज़ थी इसलिए वह आसानी से उड़ गया। वह हवाई-जहाज एक मोटर साइकिल सवार से जा टकराया, उसने उसे खोलकर देखा और उस पर लिखा संदेश पढ़ा। उसने उस इमारत की ओर देखा जहाँ से हवाई-जहाज उड़ कर आया था। वह अपनी मोटर साइकिल से सीधे पुलिस स्टेशन गया। उसने इंस्पेक्टर को सारी जानकारी दी।

इंस्पेक्टर ने मामले को गंभीर जान कर फौरन फोर्स जमा की। वे मोटर साइकिल सवार के साथ उस इमारत की ओर चल दिए। जब पुलिस वहाँ पहुँची, बदमाश उसी इमारत में आराम कर रहे थे। पुलिस को देखते ही बदमाश हक्के-बक्के

© SCERT MIZORAM not to be republished

रह गए। वे बदमाश वहाँ से भाग नहीं पाए और पकड़ लिए गए। इंस्पेक्टर ने कमरे का दरवाज़ा खोल कर सीमा और रूपा को बाहर निकाला।

दोनों ने इंस्पेक्टर अंकल और मोटर साइकिल सवार को धन्यवाद दिया। इंस्पेक्टर ने कहा, " तुम दोनों ने सूझबूझ से काम लिया। तुम दोनों बहादुर लड़कियाँ हो। सब बच्चे हिम्मत से काम लें तो बदमाशों की खैर नहीं।"

फिर सीमा और रूपा पुलिस की गाड़ी में बैठकर अपने-अपने घर चली गईं। अगले दिन के अखबार में उनकी बहादुरी एवं सूझबूझ के कारनामे छपे थे।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| रफ़्तार | - | गति / speed |
| चंगुल | - | पकड़ रखना / nail |
| अपहरण | - | अगवा / kidnap |
| धमकाना | - | डराना / threaten |
| हक्के-बक्के | - | हैरान, अचंभित / surprised |
| इलाका | - | प्रदेश / locality |

# अभ्यास

1. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

   (क) बदमाशों ने किसका अपहरण किया ?

   (ख) सीमा और रूपा को कहाँ कैद करके रखा गया था ?

   (ग) नकाबपोश ने सीमा और रूपा से किस चीज़ की माँग की ?

   (घ) उन्होंने हवाई-जहाज कैसे बनाया ?

   (ङ) वह हवाई-जहाज किससे टकराया और उसने क्या किया ?

   (च) इंस्पेक्टर ने बदमाशों को पकड़ने के लिए क्या किया ?

   (छ) अगले दिन अखबार में क्या खबर छपी ?

2. **पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

   (क) सीमा और रूपा विद्यालय से निकल कर________की ओर जा रहे थे।

   (ख) दोनों समझ गए कि उनका __________ हो गया है।

   (ग) सीमा और रूपा ने फोन नंबर बताने में ही __________समझी।

   (घ) उन्होंने कागज से ______________बनाए।

   (ङ) पुलिस को देखते ही बदमाश ____________ रह गए।

3. **किसने किससे कहा ?**

   (क) "हम बहुत खतरनाक हैं। जल्दी से तुम दोनों अपने-अपने घर का नंबर दे दो। वरना जान से हाथ धो बैठोगी।"

   (ख) "हिम्मत से काम लो और खुद पर भरोसा रखो।"

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ग) **“**रूपा**,** क्यों न हम कागज़ से हवाई-जहाज बनाकर सड़क पर जा रहे किसी आदमी तक अपना संदेश पहुंचाएँ।”

(घ) “हमारा संदेश पुलिस तक पहुँचाने की कृपा करें।”

(ङ) “तुम दोनों ने सूझबूझ से काम लिया।”

**4.** निम्नलिखित **शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए :**

| | | |
|---|---|---|
| नकाबपोश | इलाका | इमारत |
| उपाय | संदेश | हक्के-बक्के |

**5. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| गारी | डरवाजा | गयब |
| कतरनाक | अपहरन | पोलिस |

**गृहकार्य :**

1. इन शब्दों को अपनी कॉपी में सुंदर अक्षरों में लिखकर लाइए :

| | | |
|---|---|---|
| संदेश | चंगुल | नकाबपोश |
| अपहरण | बदमाश | उपाय |

2. पाठ में आए अंग्रेज़ी शब्दों को चुनकर लिखिए।

3. पढ़ो**,** समझो और लिखो :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गड़गड़ | + | आहट | = | गड़गड़ाहट |
| प्र | + | दर्शन | = | प्रदर्शन |
| घबरा | + | आहट | = | ------------------ |

©SCERT MIZORAM not to be republished

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र | + | कार | = | ---------------- |
| चिकना | + | आहट | = | ----------------- |
| प्र | + | चार | = | ---------------- |

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
हक्के-बक्के रह जाना

**वाक्य :**

1. पुलिस को देखते ही बदमाश **हक्के-बक्के** रह गए।
2. विद्यालय से भागते हुए छात्रों ने जब अध्यापक को देखा तो वे **हक्के-बक्के** रह गए।
3. पिताजी को गुस्से में देखकर पारा **हक्के-बक्के** रह गया।
4. भोली-भाली लोमी को नाचते हुए देखकर उसकी माँ **हक्के-बक्के** रह गई।
5. लड़कियों की बहादुरी देखकर इंस्पेक्टर भी **हक्के-बक्के** रह गए।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरा से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 9

# संयुक्त राष्ट्र संघ



लियाना - मित्र ! क्या आप संयुक्त राष्ट्र संघ (सं.रा.सं.) के बारे में कुछ बता सकते हैं ?

थङा - हाँ, हाँ, क्यों नहीं । कुछ वर्ष पहले मैं न्यूयार्क में था । वहाँ संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक हो रही थी । उसमें कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे । अध्यक्ष किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे । अन्य सदस्य अपने विचार और सुझाव दे रहे थे ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

लियाना - संयुक्त राष्ट्र संघ क्या करता है ?

थङा - हर देश में कोई न कोई समस्या उठती रहती है, कभी आर्थिक, कभी सामाजिक, तो कभी राजनैतिक। संयुक्त राष्ट्र संघ विभिन्न देशों के झगड़ों का शांतिपूर्वक हल करने का प्रयत्न करता है।

लियाना - क्या सभी देश इस संघ के सदस्य बन सकते हैं ?

थङा - हाँ, विश्व का कोई भी छोटा-बड़ा देश इसका सदस्य बन सकता है। इस समय लगभग 193 देश इसके सदस्य हैं । हर सदस्य संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों का पालन करता है और निर्णयों को भी स्वीकार करता है । क्या तुमने आज रेडियो नहीं सुना ? आज इसी की एक प्रमुख संस्था "सुरक्षा परिषद" पर बहुत अच्छी चर्चा आ रही थी।

लियाना - मुझे रेडियो सुनने का समय कहाँ मिलता है । सुरक्षा परिषद के बारे में भी कुछ बताओ।

थङा - "सुरक्षा परिषद" संयुक्त राष्ट्र संघ की एक महत्वपूर्ण संस्था है। पंद्रह देश इसके सदस्य होते हैं। इनमें से पाँच सदस्य स्थायी होते हैं । वर्तमान समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन स्थाई सदस्य हैं। शेष दस अस्थाई सदस्यों को दो-दो वर्ष के लिए चुना जाता है । किसी भी कार्यवाही के लिए नौ सदस्यों का शामिल होना अनिवार्य है। स्थाई सदस्यों में

© SCERT MIZORAM not to be republished

से किसी एक सदस्य के “न” कहने पर कार्यवाही नहीं होती। इसे “वीटो पॉवर” कहा जाता है।

लियाना - मित्र, तुमने संयुक्त राष्ट्र संघ के बारे में अच्छी जानकारी दी, इसके लिए धन्यवाद।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| संघर्ष | - | लड़ाई, द्वेष / struggle, a war |
| निर्णय | - | नतीजा, परिणाम /resolve, resolution |
| स्वीकार करना | - | मानना / to accept |
| स्थाई | - | हमेशा रहनेवाला / permanent |
| कार्यवाही | - | किसी काम का होना / to take action |
| पक्ष | - | तरफ़ / side, favour |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं धीरे-धीरे पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं। (सामूहिक वाचन)
4. छात्रों द्वारा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में सस्वर वाचन करवाया जाए।

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में क्या हो रहा था ?

(ख) संयुक्त राष्ट्र संघ क्या करता है ?

(ग) संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य कौन-कौन हो सकते हैं ?

(घ) इन सदस्यों को क्या करना पड़ता है ?

(ङ) 'सुरक्षा परिषद' में कितने सदस्य होते हैं ?

(च) इस समय सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश कौन-कौन हैं ?

(छ) 'वीटो पॉवर' किसे कहा जाता है ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए :**

(क) ________ मैं न्यूयार्क में था।

(ख) बैठक में कई देशों के _________ सम्मिलित थे।

(ग) अन्य सदस्य अपने _______और _______दे रहे थे।

(घ) ________ में कोई न कोई समस्या उठती रहती है।

(ङ) संयुक्त राष्ट्र संघ किसी भी देश की ________को हल करता है।

3. **पाठ के आधार पर बताइए, किसने किससे कहा :**

(क) कुछ वर्ष पहले मैं न्यूयार्क में था।

(ख) क्या सभी देश इस संघ के सदस्य हैं ?

(ग) इस समय लगभग 193 देश इसके सदस्य हैं।

(घ) 'सुरक्षा परिषद' संयुक्त राष्ट्र संघ की एक महत्वपूर्ण संस्था है, 15 देश इसके सदस्य होते हैं।

(ङ) स्थायी सदस्यों में से किसी एक सदस्य के "न" कहने पर कार्यवाही नहीं होती।

4. **उदाहरण के अनुसार नए शब्द बनाइए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदाहरण : | पक्ष + | इक | = | पाक्षिक |
| | समाज + | इक | = | |
| | अर्थ + | इक | = | |
| | धर्म + | इक | = | |

© SCERT MIZORAM not to be republished

मास + इक =

दिन + इक =

**गृहकार्य :** संयुक्त राष्ट्र संघ के विषय में दस वाक्य लिखकर लाइए।

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु**

प्रश्नवाचक – क्या / कौन

**वाक्य :**

1. सं.रा.सं. का पूर्ण रूप **क्या** होता है ?
2. कुछ वर्ष पहले न्यूयार्क में **कौन** था ?
3. उसमें **कौन** सम्मिलित थे ?
4. अध्यक्ष **क्या** कर रहे थे ?
5. अन्य सदस्य **क्या** कर रहे थे ?

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'प्रश्नवाचक' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 10

# क्रिसमस का त्योहार

आया-आया क्रिसमस का,
मन-भावन त्योहार।
खुशियाँ संग अपार लाया,
खुशियाँ संग अपार।।

जन्मदिवस यह पावन,
हमको याद दिलाता।
छोड़ शत्रुता हमें शत्रु से,
मिलना गले सिखाता।।

भेद-भाव को छोड़ सभी जन,
यह त्योहार मनाते।
हिल-मिलकर समवेत स्वरों में,
गीत-प्रीत के गाते।।

ईसा का संदेश सुहाना,
यह हमको बतलाता।
प्रेम-शांति से रहो सभी जन,
यह सबको समझाता।।

सांताक्लॉज इस अवसर पर,
उपहार ढेर से लाते।
पाकर जिनको हम बच्चे सब,
प्रसन्न अति हो जाते।।

उत्सव है यह बड़ा निराला,
शुभ इसका गुंजार।
नए वर्ष में हर मानव का,
सुख में हो संसार।।

**......जीवन मेहता**

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| मनभावन | - | मनपसंद, मन को अच्छा लगनेवाला / pleasing mind |
| अति | - | अत्यधिक / highly |
| अपार | - | असीम / immeasurable |
| पावन | - | पवित्र / holy |
| शत्रुता | - | दुश्मनी /enmity |
| समवेत | - | एकत्र, इकट्ठा होकर / chorus |
| गुंजार | - | भौरों की गूँज / zoom |

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर  पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. छात्रों द्वारा एक-एक अंतरा व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में उचित लय के साथ पढ़वाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

1. **इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) क्रिसमस का त्योहार कब और क्यों मनाया जाता है ?

(ख) ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था ?

(ग) ईसा मसीह को मानने वाले लोग क्या कहलाते हैं ?

(घ) इस पर्व पर सांताक्लॉज बच्चों के लिए क्या उपहार लाते हैं ?

(ङ) क्रिसमस का त्योहार हमें क्या संदेश देता है ?

2. **हाँ / नहीं में उत्तर दीजिए :**

(क) क्रिसमस का त्योहार पच्चीस दिसंबर को मनाया जाता है। ( )

(ख) ईसाई गुरुद्वारे में पूजा करते हैं। ( )

(ग) ईसा मसीह का जन्म अस्पताल में हुआ था। ( )

(घ) पच्चीस दिसंबर को लोग बड़ा दिन भी कहते हैं। ( )

(ङ) बाइबिल हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ है। ( )

3. **सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुरुपर्व | जन्माष्टमी | क्रिसमस | बुद्ध जयंती |
| | राम नवमी | महावीर जयंती | |

(क) गौतम बुद्ध का जन्मदिन _________ के रूप में मनाया जाता है।

(ख) भगवान श्री रामचंद्र का जन्मदिन ________ के रूप में मनाया जाता है।

(ग) भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन _________ के रूप में मनाया जाता है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

(घ) महावीर स्वामी का जन्मदिन _________ के रूप में मनाया जाता है।

(ङ) गुरु नानक का जन्मदिन _________ के रूप में मनाया जाता है।

(च) ईसा मसीह का जन्मदिन _________ के रूप में मनाया जाता है।

**4. 'क' को 'ख' से मिलाइए :**

| | क | ख |
|---|---|---|
| (क) | ईसा मसीह के पिता का नाम | उन्हें ईसाई कहते हैं। |
| (ख) | ईसा मसीह को अंग्रेजी में | बाइबिल है। |
| (ग) | जो यीशू के उपदेश को मानते हैं | बेथलहेम में हुआ था। |
| (घ) | ईसाइयों का पवित्र ग्रंथ | जीसस क्राइस्ट भी कहते हैं। |
| (ङ) | ईसा मसीह का जन्म | योसफ था। |

**5. 'आई' प्रत्यय जोड़कर शब्द पूरे कीजिए :**

(क) ईसा <u>ईसाई</u>

(ख) भला _________

(ग) मीठा _________

(घ) लम्बा _________

(ङ) बुरा _________

(च) चतुर _________

(छ) सच्चा _________

(ज) अच्छा _________

© SCERT MIZORAM not to be republished

**गृहकार्य :**

1. क्रिसमस के दिन तुम क्या-क्या करते हो, लिखकर लाइए।
2. इस कविता को याद करके आइएगा।
3. निम्नलिखित शब्दों को दो-दो बार अपनी कॉपी में लिखकर लाइएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन-भावन | संदेश | सुहाना | प्रेम-शांति |
| शत्रुता | त्योहार | गुंजार | निराला |

## मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

हो गए

**वाक्य :**

1. अनेक भारतीय ईसा मसीह के अनुयायी **हो गए** हैं।
2. अब भारत में अट्ठाईस राज्य **हो गए** हैं।
3. मेरे पिताजी स्वस्थ **हो गए** हैं।
4. बच्चे बढ़े **हो गए** हैं।
5. इस वर्ष छात्र ज्यादा **हो गए** हैं।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'हो गए' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 11

# दिल्ली की सैर

वसंत कुंज
नई दिल्ली
10 नवंबर, 2017.

प्रिय सखी मुआनी,



पिछले रविवार को मेरे ताऊजी हमें दिल्ली घुमाने ले गए थे। हम घर से सुबह आठ बज़े निकले। सबसे पहले हमने लाल किला देखा। यह चाँदनी चौक के निकट स्थित है। लाल किला लाल पत्थरों से बनाया गया है। इसे मुगल सम्राट शाहजहाँ ने बनवाया था। शाहजहाँ ने ही आगरा में ताज़महल भी बनवाया था। यह लाल किला बहुत बड़ा है। लाल किले में दो प्रमुख स्थान हैं – दीवान-ए-आम और दीवान-ए-ख़ास।

इसी के एक भाग में आज़ायबघर भी है, जहाँ मुगलकाल के वस्त्र, अस्त्र-शस्त्र आदि वस्तुएँ रखी हैं। लाल किले के सामने ही चाँदनी चौक है। यह भीड़-भाड़ से भरा बाज़ार है, जहाँ हर समय मेला-सा लगा रहता है। मैंने चाँदनी चौक से कुछ खिलौने और कपड़े खरीदे। चाँदनी चौक में हर तरह का सामान मिलता है।



© SCERT MIZORAM not to be republished

चाँदनी चौक के बीच में गुरुद्वारा 'शीशगंज' है। यह सिक्खों का पवित्र स्थान है। इसके दर्शन करने के बाद मैंने जामा मस्ज़िद देखा, यह भी लाल पत्थरों से बना हुआ है।

फिर हम चिड़ियाघर देखने गए, जहाँ देश-विदेश की अनेक चिड़ियाँ रखी हुई हैं। मुझे यह संग्रह बहुत अच्छा लगा। इसके बाद हम कनॉट प्लेस की ओर चले। यह नई दिल्ली का प्रसिद्ध बाज़ार है। यहाँ बड़ी-बड़ी दूकानें तथा शो-रूम हैं। कनॉट प्लेस में ही पालिका बाज़ार भी है, जो ज़मीन के नीचे बना हुआ है। सुबह से घूमते-घूमते थक गए थे, इसलिए हमने वहीं पर भोजन किया और घर लौट आए।





दूसरे दिन हम लोग जंतर-मंतर एवं बिरला मंदिर देखने गए। संसद भवन भी इसी सड़क पर है। इसके बाद राष्ट्रपति भवन एवं उसके सामने इंडिया गेट को भी हम लोगों ने देखा। दिल्ली को देखने देश-विदेश से लोग आते रहते हैं।

© SCERT MIZORAM
not to be republished



इसके बाद हम लोग कुतुबमीनार और लोटस टेम्पल (कमल मंदिर) देखने गए ।



दिल्ली देश का दिल है । यहाँ सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं ।

अच्छा, सखी ! अगले रविवार को हम लोग आगरा देखने जाएँगे । आगरा देखने के बाद मैं तुम्हें दूसरा पत्र लिखूँगी । यदि तुम मेरे साथ होतीं, तो और भी मजा आता ।

चाचाजी और चाचीजी को मेरा प्रणाम ।

तुम्हारी सहेली,

मादिकी

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| प्रिय | - | प्यारी / lovely |
| सखी | - | सहेली / a female friend |
| प्रसिद्ध | - | मशहूर / famous |
| प्रमुख | - | ख़ास / special |
| वस्त्र | - | कपड़े / clothes |
| अस्त्र-शस्त्र | - | हथियार / a weapon |
| आम | - | सामान्य / common, general |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बिलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. अब मैं लिखूँगा और आप पढ़ेंगे। (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में)
5. छात्रों से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में सस्वर वाचन करवाया जाए।
6. पढ़े गए पाठ से श्रुतलेख भी करवाया जाए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) यह पत्र किसने, किसको और कहाँ से लिखा है ?

(ख) लाल किला किस शहर में है ?

(ग) लाल किला किसने बनवाया था ?

(घ) लाल किले में कौन-कौन-सी चीजें प्रसिद्ध हैं ?

(ङ) पालिका बाज़ार दिल्ली में कहाँ है ?

2. **दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :**

दिल्ली    लाल पत्थर    गुरुद्वारा    दिल

(क) लाल किला _______ में है ।

(ख) जामा मस्ज़िद _______ की बनी है ।

(ग) दिल्ली देश का _______ है ।

(घ) _______ सिक्खों का पवित्र स्थान है ।

3. **सही उत्तर चुनकर लिखिए :**

(क) लाल किला किसने बनवाया था ?

अकबर / शाहजहाँ / औरंगज़ेब

(ख) लाल किला किन पत्थरों से बना हुआ है ?

सफ़ेद पत्थर / लाल पत्थर / काला पत्थर

(ग) गुरुद्वारा 'शीशगंज' कहाँ स्थित है ?

आगरा / दिल्ली / जयपुर

(घ) सखी का पर्यायवाची शब्द है –

दोस्त / दुश्मन / सहेली

4. **इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

सुबह    पवित्र    प्रसिद्ध    अनेक    बनवाना

**गृहकार्य :** दिल्ली में देखने योग्य स्थल कौन-कौन से हैं ? लिखिए ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा

**वाक्य :**

1. हफ्ते का **पहला** दिन सोमवार है ?
2. **तीसरा** महीना मार्च है।
3. **पहले** दिन क्या देखा था ?
4. **पहले** दिन लाल किला देखा था।
5. **दूसरे** दिन क्या देखा था ?
6. **दूसरे** दिन जंतर-मंतर देखा था।
7. **तीसरे** दिन क्या देखा था ?
8. **तीसरे** दिन इंडिया गेट देखा था।
9. **चौथे** दिन क्या देखा था ?
10. **चौथे** दिन कुतुबमीनार देखा था।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 12

# मीठी वाणी बोलिए



एक गाँव में सोमा नामक एक बालक था। वह पढ़ने-लिखने में ध्यान नहीं लगाता था। गाँव के शैतान लड़कों के साथ दिन भर गुल्ली-डंडा खेलता रहता था और किसी की इज़्ज़त नहीं करता था। उसके पिता समझ गए कि यह लड़का पढ़ेगा नहीं। उन्होंने सोचा कि इसका जीवन बर्बाद हो, इससे पहले ही इसे किसी काम पर लगा दिया जाए। यह सोचकर उसे भेड़ चराने का काम सौंपा गया।

सोमा रोज़ भेड़ चराने घाटी पर जाने लगा। वह एक पहाड़ के ऊपर पर लेटा रहता था। एक दिन पहाड़ी पर लेटे-लेटे वह गाने लगा – हो-हो-हा-हा। पहाड़ी से टकराकर उसके गाने की आवाज़ वैसे ही वापस आई। यह बात सोमा के लिए अज़ीब थी। वह घबरा गया। उसे लगा कि कोई लड़का पहाड़ी पर है जो उसकी नकल कर उसे चिढ़ा रहा है। ऐसा सोच कर वह चिल्ला उठा – "बेवकूफ़ कहीं का।"

© SCERT MIZORAM not to be republished

सोमा को विश्वास हो गया कि जरूर कोई लड़का उसे चिढ़ा रहा है। मूर्ख तो था ही, इस बात को समझ नहीं सका कि उसकी आवाज़ पहाड़ी से टकरा कर वापस आ रही है। वह बार-बार बुरे शब्द बोलकर चिल्लाने लगा। उसने जो-जो शब्द कहे वे वैसे ही उसे सुनाई पड़े। गुस्से से भरा वह घर लौट आया। उसने अपने दादाजी को पूरी बात कह सुनाई। पहाड़ी वाले बदतमीज़ बच्चे की करने बताते हुए उसकी आँखों में आँसू भर आए। उसने कहा, "अब मैं भेड़ चराने नहीं जाऊँगा।"

ऐसा सुन कर उसके दादाजी ने कहा, "मेरे बच्चे, उस पहाड़ी पर कोई बच्चा नहीं है।" तुम जो कहते थे उसकी गूँज पहाड़ी में गूँजती थी। तुमने जो-जो शब्द कहे वे तुम्हें जवाब में सुनाई दिए। हमेशा याद रखो, जैसा तुम दूसरों से बोलोगे वैसा ही दूसरे लोग भी तुमसे बोलेंगे। इसलिए दूसरों से हमेशा मीठी वाणी में बोलो तब तुम पाओगे कि वह भी तुमसे मीठा ही बोल रहा है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

इज्ज़त - सम्मान / respect

बर्बाद - नष्ट / destroyed

अजीब - विचित्र / strange

शैतान - नटखट / naughty

चिढ़ - खीझ / irritation

गूँज - प्रतिध्वनि / echo

विश्वास - भरोसा / belief

वाणी - बात / speech

## आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर  पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. अब मैं लिखूँगा और आप पढ़ेंगे। (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में )
5. छात्रों से व्यक्तिगत अथवा सामूहिक रूप में सस्वर वाचन करवाया जाए।

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) सोमा कैसा लड़का था ?

(ख) सोमा को कौन-सा काम सौंपा गया ?

(ग) सोमा क्यों घबरा गया ?

(घ) पहाड़ी से टकराकर आई आवाज को सुन सोमा ने क्या समझा ?

(ङ) सोमा के दादाजी ने उसे क्या समझाया।

(च) हमें दूसरों के साथ किस तरह बोलना चाहिए ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) अब सोमा रोज़ __________ चराने जाने लगा।

(ख) सोमा को लगा कि __________ पर कोई लड़का है।

(ग) __________ तो वह था ही।

(घ) अपने __________ को उसने सारी बात बताई।

(ङ) तुम जो कहते थे उसकी __________ घाटी में उठती थी।

(च) दूसरों से हमेशा __________बात बोलो।

3. **निम्नलिखित शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए :**

(क) गाँव (ख) इज़्ज़त (ग) घाटी

(घ) गाना (ङ) बदतमीज़ (च) भरोसा

4. **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :**

(क) बर्बाद (ख) गूँज (ग) विश्वास

(घ) शैतान (ङ) वाणी (च) पहाड़

5. **इन अक्षरों से नया शब्द बनाइए :**

**गं** - गंदे - गंध

**म्म** - निकम्मा - __________

**ल्ल** - चिल्ला - __________

**स्से** - गुस्से - __________

© SCERT MIZORAM not to be republished

**गृहकार्य :**

1. इन शब्दों को अपनी कॉपी में सुंदर अक्षरों में लिखकर लाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुल्ली-डंडा | इज़्ज़त | बर्बाद | घाटी |
| घनघनाती | बदतमीज़ | विश्वास | भेड़ |

2. उदाहरण देखकर शब्द बनाइए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मटका** | **+** | **कर** | **-** | **मटकाकर** |
| पकड़ | + | कर | - | |
| जोड़ | + | कर | - | |
| उतार | + | कर | - | |
| खींच | + | कर | - | |

3. वर्ण-विच्छेद करिए :

| | | |
|---|---|---|
| **सम्मान** | **-** | **स्+अ + म् + अ + म् + आ + न् + अ** |
| विचित्र | - | |
| भरोसा | - | |
| वाणी | - | |
| गजानन | - | |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

जो-जो

**वाक्य :**

1. गजानन ने **जो-जो** शब्द कहे वे वैसे ही उसे सुनाई पड़े ।
2. पेका ने **जो-जो** काम किया सब बेकार हो गया ।
3. माँ ने **जो-जो** सामान मंगवाया था मैंने सब खरीद लिया है ।
4. छना को अध्यापक ने **जो-जो** गृहकार्य दिया उसने सब कर लिया ।
5. आपने उससे **जो-जो** बात कहीं मैंने सब सुना ।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'जो-जो' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# विशेषण

**परिभाषा** : जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे '**विशेषण**' कहलाते हैं।

**जैसे** :

| | | |
|---|---|---|
| अच्छा आदमी | = | अच्छा **(**विशेषण**)** + आदमी (संज्ञा, विशेष्य) |
| ठंडा पानी | = | ठंडा (विशेषण) + पानी (संज्ञा, विशेष्य) |
| बीमार लड़की | = | बीमार (विशेषण) + लड़की (संज्ञा, विशेष्य) |
| दस रुपये | = | दस (विशेषण) + रूपए (संज्ञा, विशेष्य) |
| बहुत धन | = | बहुत (विशेषण) + धन (संज्ञा, विशेष्य) |
| कई बच्चे | = | कई (विशेषण) + बच्चे (संज्ञा, विशेष्य) |

**विशेषण के भेद :** विशेषण के चार भेद होते हैं।




© SCERT MIZORAM
not to be republished

1. **गुणवाचक** : जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दशा, रंग, आकार आदि का बोध कराए।

**जैसे** : **लाल** कपड़ा, **बहादुर** लड़का, **काला** बकरा, **लंबी** सड़क आदि।

2. **परिणामवाचक** : जो संज्ञा या सर्वनाम की नाप-तौल या माप का बोध कराए।

**जैसे** : **थोड़ा** पानी, **बहुत** धन, **कुछ** फल, **ढेर** सारा पैसा आदि।

3. **संख्यावाचक** : वह शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराए।

**जैसे** : **दो** लड़के, **पचास** लड़कियाँ, **तीन** बच्चे आदि।

4. **सार्वनामिक** : जो सर्वनाम शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराए।

**जैसे** : **वह** कुत्ता, **वह** कलम, **वे** लड़के, **ये** किताबें आदि।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## विशेष्य

**परिभाषा :** विशेषण जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं -

| **शब्द** | **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| पका फल | पका | फल |
| लाल कपड़ा | लाल | कपड़ा |
| लंबी कहानी | लंबी | कहानी |
| ज्यादा चावल | ज्यादा | चावल |
| मीठी चाय | मीठी | चाय |

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़िए और समझिए कि क्या विशेषण का रूप लिंग और वचन के अनुसार बदलता है :

1. (क) यह अच्छी **किताब** है।

(ख) पुस्तकालय में कई अच्छी **किताबें** हैं।

इन वाक्यों में 'किताब' शब्द स्त्रीलिंग है। (एकवचन)

'किताबें' शब्द स्त्रीलिंग (बहुवचन) है।

स्त्रीलिंग संज्ञा के साथ विशेषण आकारांत का रूप ईकारांत में बदल जाता है**;**

**जैसे : (अच्छा)** अच्छी किताब - अच्छी किताबें

2. (क) यह अच्छा **लड़का** है।

(ख) विद्यालय में कई अच्छे **लड़के** हैं।

इन वाक्यों में 'लड़का' शब्द पुल्लिंग है। (एकवचन)

'लड़के' शब्द पुल्लिंग (बहुवचन) है।

पुल्लिंग संज्ञा के साथ विशेषण का रूप बदलता है ;

**जैसे :** अच्छा लड़का – अच्छे लड़के।

लिंग और वचन के अनुसार कभी-कभी विशेष्य परिस्थितियों में विशेषण का रूप बादल जाता है।

जैसे : छोटा कपड़ा, छोटे कपड़े, छोटी साड़ी।

कभी-कभी लिंग और वचन के अनुसार विशेषण का रूप नहीं बदलता।

जैसे : सुंदर बच्चा, सुंदर बच्चे, सुंदर बच्ची।

©SCERT MIZORAM not to be republished

**छात्रो अब आप समझ गए :**

1. विशेषण और उसके भेद।
2. विशेषण और विशेष्य में अंतर।

## अभ्यास

**1. सही (✓) का निशान लगाए :**

(क) संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को क्या कहते हैं ?

i) सार्वनामिक    ii) गुणवाचक

iii) विशेषन    iv) विशेष्य

(ख) विशेषण के कितने भेद होते हैं ?

i) तीन    ii) चार

iii) छः    iv) दो

(ग) विशेष्य किसे कहते हैं ?

i) जो वचन का बोध कराए।

ii) जो लिंग का बोध कराए।

iii) जिसकी विशेषता बताई जाए।

iv) जिसकी आवश्यकता बताई जाए।

(घ) पका आम इधर लाइए।

इन वाक्यों में विशेष्य भिन्न में से कौन-सा है ?

i) पका    ii) लाइए

iii) आम    iv) इधर

© SCERT MIZORAM not to be republished

(ङ) निम्नलिखित में संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा ?

i) बड़ा मकान ii) दो लड़के

iii) यह कमल iv) लाल टमाटर

2. **नीचे लिखे वाक्यों में विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए :**

(क) मिज़ोरम एक सुंदर राज्य है।

(ख) विद्यालय के पास बड़े पेड़ हैं।

(ग) मुझे तीन किलो गाजर दीजिए।

(घ) लियाना लाल क़मीज़ पहनता है।

(ङ) वह घर जा रहा है।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक विशेषण शब्द में लिखिए :**

(क) रसगुल्ले का स्वाद कैसा होता है ? ______________

(ख) आपकी कक्षा में कितने विद्यार्थी है ? ______________

(ग) कच्चे आम का रंग कैसा होता है ? ______________

(घ) मिज़ोरम का मौसम कैसा होता है ? ______________

(ङ) आपके यूनिफॉर्म कमीज़ का रंग क्या है ? ______________

© SCERT MIZORAM
not to be republished

4. **नीचे दिए गए वचनों में से जो सही है, उनके सामने (✓) और जो गलत है, उनके सामने ( x ) का निशान लगाइए :**

(क) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दशा आदि का बोध कराता है- संख्यावाचक है।

(ख) पुल्लिंग संज्ञा के साथ विशेषण का रूप बदलता है।

(ग) स्त्रीलिंग संज्ञा के साथ विशेषण का रूप बदलता है।

(घ) जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट की जाए – उसे विशेष्य कहते हैं।

(ङ) परिणामवाचक सर्वनाम की नाप-तौल का बोध करने वाले शब्द हैं।

5. **संज्ञा शब्द का उचित विशेषण शब्दों से मिलान कीजिए :**

| **विशेषण** | **संज्ञा** |
|---|---|
| लाल | पहाड़ |
| हरी | लड़का |
| बहादुर | घास |
| दो किलो | फूल |
| ऊँचा | चीनी |

© SCERT MIZORAM not to be republished

6. **नीचे लिखे शब्दों के साथ उचित विशेषण शब्द लिखिए :**

(क) ________________ कमल

(ख) ________________ सड़क

(ग) ________________ जूता

(घ) ________________ भवन

(ङ) ________________ आसमान

(च) ________________ दूध

(छ) ________________ गाना

(ज) ________________ बालक

(झ) ________________ पुस्तक

(ञ) ________________ लड़की

**7. नीचे दिए गए वाक्यांशों में से विशेषण और विशेष्य चुनिए :**

(क) क्रिकेट मेरा प्रिय खेल है।

(ख) मोया एक होशियार लड़का है।

(ग) यह अच्छी घड़ी है।

(घ) बाहर कई लोग बैठे हैं।

(ङ) उसको फीकी चाय दीजिए।

| विशेषण |
|---|
| |

| विशेष्य |
|---|
| |

© SCERT MIZORAM not to be republished

8. **दिए गए चित्रों के लिए दो-दो विशेषण लिखिए :**



______________

______________



______________

______________



______________

______________



______________

______________



______________

______________

© SCERT MIZORAM not to be republished

**गृहकार्य :** गुणवाचक विशेषण, परिणामवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण एवं सार्वनामिक विशेषण से बने दो दो वाक्य घर से लिखकर लाइए ।

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**
सबसे

**वाक्य :**

1. यहाँ का **सबसे** अच्छा होटल कौन-सा है ?
2. यहाँ का **सबसे** अच्छा बाजार कौन-सा है ?
3. यहाँ की **सबसे** मशहूर गायिका कौन है ?
4. यहाँ का **सबसे** सुंदर दर्शनीय स्थल कौन-सा है ?
5. इस विद्यालय का **सबसे** होशियार विद्यार्थी कौन है ?
6. भारत का **सबसे** बड़ा शहर कौन-सा है ?

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'सबसे' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 14

# छुट्टी के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

प्रधानाध्यापक,

राजकीय चाँदमारी माध्यमिक विद्यालय,

आइज़ोल, मिज़ोरम ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि ज्वर से पीड़ित होने के कारण मैं विद्यालय आने में असमर्थ हूँ ।

अतः आपसे प्रार्थना है कि मुझे तीन दिनों (दिनांक 13.11.18–15.11.18 तक) की छुट्टी देने की कृपा करें ।

दिनांक, आइज़ोल
13.11.2018

आपका आज्ञाकारी छात्र,
ललमलसोमा
कक्षा : 8

© SCERT MIZORAM
not to be republished

क्रम संख्या :15

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| प्रधानाध्यापक | - | Headmaster |
| निवेदन | - | अनुरोध / prayer, request |
| ज्वर | - | बुखार / fever |
| छुट्टी | - | अवकाश / leave |

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. आवश्यक काम से आप दो दिन के लिए स्कूल नहीं जा सके। कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक को छुट्टी के लिए आवेदन पत्र लिखिए।
2. कक्षा में तबियत अचानक खराब हो जाने के कारण आप घर जाना चाहते हैं। अतः आधे दिन की छुट्टी के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

था, थी, थे

**वाक्य :**

1. मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता **था** ।
2. माँ बेटी को समझा रही **थी** ।
3. साङी रास्ता साफ कर रही **थी** ।
4. लड़के स्कूल जा रहे **थे** ।
5. हम बचपन में फुटबॉल खेलते **थे** ।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'था, थी, थे' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

पाठ – 15

# गिनती

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक | - १ | 17 | सत्रह | - १७ |
| 2 | दो | - २ | 18 | अठारह | - १८ |
| 3 | तीन | - ३ | 19 | उन्नीस | - १९ |
| 4 | चार | - ४ | 20 | बीस | - २० |
| 5 | पाँच | - ५ | 21 | इक्कीस | - २१ |
| 6 | छः | - ६ | 22 | बाईस | - २२ |
| 7 | सात | - ७ | 23 | तेईस | - २३ |
| 8 | आठ | - ८ | 24 | चौबीस | - २४ |
| 9 | नौ | - ९ | 25 | पच्चीस | - २५ |
| 10 | दस | - १० | 26 | छब्बीस | - २६ |
| 11 | ग्यारह | - ११ | 27 | सत्ताईस | - २७ |
| 12 | बारह | - १२ | 28 | अट्ठाईस | - २८ |
| 13 | तेरह | - १३ | 29 | उनतीस | - २९ |
| 14 | चौदह | - १४ | 30 | तीस | - ३० |
| 15 | पंद्रह | - १५ | 31 | इकतीस | - ३१ |
| 16 | सौलह | - १६ | 32 | बत्तीस | - ३२ |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | तैंतीस | - ३३ | 53 | तिरपन | - ५३ |
| 34 | चौंतीस | - ३४ | 54 | चौवन | - ५४ |
| 35 | पैंतीस | - ३५ | 55 | पचपन | - ५५ |
| 36 | छत्तीस | - ३६ | 56 | छप्पन | - ५६ |
| 37 | सैंतीस | - ३७ | 57 | सत्तावन | - ५७ |
| 38 | अड़तीस | - ३८ | 58 | अट्ठावन | - ५८ |
| 39 | उनतालीस | - ३९ | 59 | उनसठ | - ५९ |
| 40 | चालीस | - ४० | 60 | साठ | - ६० |
| 41 | इकतालीस | - ४१ | 61 | इकसठ | - ६१ |
| 42 | बयालीस | - ४२ | 62 | बासठ | - ६२ |
| 43 | तैंतालीस | - ४३ | 63 | तिरसठ | - ६३ |
| 44 | चौवालीस | - ४४ | 64 | चौंसठ | - ६४ |
| 45 | पैंतालीस | - ४५ | 65 | पैंसठ | - ६५ |
| 46 | छियालीस | - ४६ | 66 | छियासठ | - ६६ |
| 47 | सैंतालीस | - ४७ | 67 | सड़सठ | - ६७ |
| 48 | अड़तालीस | - ४८ | 68 | अड़सठ | - ६८ |
| 49 | उनचास | - ४९ | 69 | उनहत्तर | -६९ |
| 50 | पचास | - ५० | 70 | सत्तर | - ७० |
| 51 | इक्यावन | - ५१ | 71 | इकहत्तर | - ७१ |
| 52 | बावन | - ५२ | 72 | बहत्तर | - ७२ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| 73 | तिहत्तर | - ७३ |
| 74 | चौहत्तर | - ७४ |
| 75 | पचहत्तर | - ७५ |
| 76 | छिहत्तर | - ७६ |
| 77 | सतहत्तर | - ७७ |
| 78 | अठहत्तर | - ७८ |
| 79 | उन्यासी | - ७९ |
| 80 | अस्सी | - ८० |
| 81 | इक्यासी | - ८१ |
| 82 | बयासी | - ८२ |
| 83 | तिरासी | - ८३ |
| 84 | चौरासी | - ८४ |
| 85 | पचासी | - ८५ |
| 86 | छियासी | - ८६ |
| 87 | सत्तासी | - ८७ |
| 88 | अठासी | - ८८ |
| 89 | नवासी | - ८९ |
| 90 | नब्बे | - ९० |
| 91 | इक्यानवे | - ९१ |
| 92 | बानवे | - ९२ |
| 93 | तिरानवे | - ९३ |
| 94 | चौरानवे | - ९४ |
| 95 | पिचानवे | - ९५ |
| 96 | छियानवे | - ९६ |
| 97 | सत्तानवे | - ९७ |
| 98 | अट्ठानवे | - ९८ |
| 99 | निन्यानवे | - ९९ |
| 100 | सौ | - १०० |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# आदेश

**अध्यापक :**

1. (छात्रों से) मैं एक-एक कर पढ़ता हूँ, सब लोग ध्यान से सुनिए और अपनी-अपनी पुस्तक पर देखिए। (आदर्शवाचन)
2. अब पहले मैं पढ़ूँगा फिर आप लोग मेरी तरह बोलेंगे।
3. आइए, हम सब एक साथ पढ़ते हैं।
4. अब मैं बोलूँगा और आप यहाँ **श्यामपट्ट** पर लिखेंगे। (अध्यापक छात्रों को एक-एक कर बुलाए और लिखवाए जिससे छात्र गिनती को बोल और लिख सकें।

# अभ्यास

**1. अंकों में लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सत्तर | पैंतीस | बयालीस | छप्पन |
| तेईस | छब्बीस | तिरपन | सत्तावन |
| उनसठ | छियासी | तिरानवे | निन्यानवे |

**2. शब्दों में लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | 19 | 34 | 39 |
| 27 | 38 | 44 | 51 |
| 63 | 72 | 83 | 97 |

©SCERT MIZORAM not to be republished

3. **खंड 'अ' और खंड 'आ' का मिलान कीजिए :**

| **अ** | **आ** |
|---|---|
| चौंतीस | 42 |
| बयालीस | 90 |
| अस्सी | 97 |
| नब्बे | 24 |
| सत्तानवे | 29 |
| उनतीस | 80 |
| चौबीस | 34 |

4. **उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए :**

(क) बत्तीस के बाद -------------------------आता है। (तैंतीस, चौंतीस)

(ख) उनचास के पहले ------------------आता है। (पचास, अड़तालीस)

(ग) सत्तानवे और निन्यानवे के बीच ------------------आता है।
(अट्ठानवे, चौरानवे)

(घ) उनसठ के बाद ---------------------- आता है। (साठ, अट्ठावन)

(ङ) छियासठ के पहले ----------------------आता है। (पैंसठ, अड़सठ)

(च) अस्सी और बयालीस के बीच-------------आता है।(अठहत्तर, इक्यासी)

**गृहकार्य :** एक से सौ तक की गिनती अंकों और शब्दों में लिखकर लाइए।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ

**शिक्षण बिंदु :**

गिनती के संबंध में

**वाक्य :**

1. मेरे **चार** बेटे हैं।
2. हमारी कक्षा में **चौवालिस** छात्राएँ हैं।
3. हमारे विद्यालय में **सोलह** अध्यापक हैं।
4. मैदान में **बयालीस** गाडियाँ खड़ी हैं।
5. मेरे पास कुल **पचासी** रुपये हैं।

**आदेश :** ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर 'गिनती' से संबंधित अन्य कई वाक्य बनाए जाएँ और उनका अभ्यास करवाया जाए जिससे छात्र उनको ठीक से पहचान सकें और उनका प्रयोग वाक्यों में कर सके।

© SCERT MIZORAM not to be republished